प्रादेशिक समाचार

01.07.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केन्द्रीय कैबिनेट ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को दी मंजूरी, अनुसंधान, विकास और नवाचार पर भी जोर, खेलो भारत नीति को भी प्रदान की गयी स्वीकृति।

2. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के तीन जुलाई को झारखंड आगमन को लेकर रक्षा राज्य मंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा, कहा–रांची में रातू रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर के साथ ही गढ़वा बाइपास भी जनता को करेंगे समर्पित।

3. झारखंड अधिविध परिषद–जैक ने जारी किया 11वीं का परीक्षा परिणाम, परीक्षा में करीब साढ़े तीन लाख विद्यार्थी हुए थे शामिल।

4. झारखंड में मानसून ने तोड़ा पिछले चार साल का रिकार्ड, जून महीने में अब तक सामान्य से 84 प्रतिशत अधिक हुई वर्षा, अतिवृष्टि को लेकर मंत्री इरफान अंसारी ने सभी विधायकों और मंत्रियों को लिखा पत्र।

5. बीसी राय ट्राफी के लिए झारखंड बालक फुटबॉल टीम का चयन ट्रायल तीन जुलाई को धनबाद में, प्रशिक्षण शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों का किया जायेगा चयन।

*******************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज करीब एक लाख करोड़ रुपये की रोजगार–संबंधी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी। इस योजना का उद्देश्य दो वर्षों की अवधि में देश में साढे तीन करोड़ से अधिक रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में मीडिया को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी पाने वाले कर्मचारियों को एक महीने में 15 हजार रुपये तक का वेतन मिलेगा।

श्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये के कोष के साथ अनुसंधान विकास और नवाचार योजना को भी मंजूरी दी है। उन्होंने बताया किदेश में खेल परिदृश्य को बदलने और नागरिकों को खेल गतिविधियों के साथ सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को भी मंजूरी दी गई है।

*******************

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तीन जुलाई को झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। इस सिलसिले में आज रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी 3 जुलाई को दिल्ली से उड़ान भरकर सुबह 10 बजे रांची आएंगे और रातू रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे।

इस दौरान संजय सेठ ने रांची नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि रांची नगर निगम अब जल कर पर पांच प्रतिशत अतिरिक्त कर वसूलने की योजना बना रही है, जो आम जनता के लिए बोझ बनता जा रहा है।

*******************

इस बीच पलामू के सांसद वीडी राम ने बताया कि पलामू संसदीय क्षेत्र में शंखा से खजूरी तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तीन जुलाई को इस सड़क का उद्घाटन करेंगे।

*******************

राज्य में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान और तेज करने का फैसला किया गया है। इस सिलसिले में सीआरपीएफ आईजी और आईजी ऑपरेशन की अध्यक्षता में आज रांची में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान क्षेत्र में सक्रिय माओवादियों और स्पीलिंटर ग्रुप्स पर कड़ी नजर रखने और उन्हें मदद पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देश दिया गया।

*******************

डिजिटल इंडिया के आज 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। हजारीबाग में भी डिजिटल इंडिया अभियान लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है।

*******************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज रेलवन ऐप का शुभारंभ किया, यह सभी रेल यात्री सेवाओं के लिए वन–स्टॉप समाधान है। नई दिल्ली में सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम के स्थापना दिवस पर उन्होंने कहा कि रेल अधिकारियों का पूरा ध्यान यात्रियों की सुरक्षा पर होना चाहिए।

*******************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल –जैक ने 11वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट जैक रिजल्ट्स डॉट कॉम या जैक डॉट झारखंड डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर अपना रिजल्ट ऑनलाइन चेक कर सकते हैं। यह परीक्षा मई में हुई थी और राज्यभर के करीब साढ़े तीन लाख विद्यार्थी इसमें शामिल हुए थे।

*******************

राज्य में मानसून ने पिछले चार साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि जून महीने में अब तक सामान्य से 84 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है, जो पिछले चार साल में सबसे अधिक है।

राज्य में अतिवृष्टि से हुए नुकसान को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने राज्य के सभी विधायकों और मंत्रियों को पत्र लिखकर अतिवृष्टि के कारण जानमाल की क्षति का त्वरित आकलन कर राज्य सरकार तक रिपोर्ट भेजने की अपील की है।

*******************

धनबाद के बिरसा मुंडा स्टेडियम में झारखंड जूनियर फुटबॉल बालक टीम का चयन ट्रायल 3 जुलाई को आयोजित किया गया है। इस ट्रायल के आधार पर प्रशिक्षण शिविर के लिए 40 बालकों का चयन किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर के बाद इन्हीं 40 प्रशिक्षुओं में से झारखंड टीम का गठन किया जाएगा जो आगामी 20 जुलाई से अमृतसर में होनेवाली बीसी रॉय ट्रॉफी प्रतियोगिता में भाग लेगी।

*******समाप्त********